Title: Reg: Establishment of a Kendriya Vidyalaya in Ambedkar Nagar district in Uttar Pradesh.

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर) : अम्बेडकर नगर मूलतः एक ग्रामीण परिवेश वाला क्षेत्र है जहाँ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने वाली संस्थानों की कमी है। केंद्रीय विद्यालय के अभाव में अंबेडकर नगर जनपद (उत्तर प्रदेश) के कमज़ोर आर्थिक वर्ग से आने वाले मेधावी छात्रों को अच्छी शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है जो उनके भविष्य के लिए हितकर नहीं है।

अम्बेडकर नगर में केंद्रीय विद्यालय के आवंटन के लिए सरकार के पास जूनियर हाई स्कूल बेवाना में विद्यालय की आवश्यकता से अधिक भूमि अकबरपुर- दोस्तपुर मार्ग के बीच खाली पड़ी है उक्त भूमि केंद्रीय विद्यालय के लिए उपयुक्त जगह है । दोनो तरफ से सड़क ऊपर होने के कारण आवागमन की सुविधा भी सुलभ है। वर्तमान में भूमि जूनियर हाई स्कूल बेवना के नाम अंकित अभिलेख है। हाल ही में मैंने उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के बेसिक शिक्षा मंत्री से मिलकर इस भूमि के लिए अनापत्ति पत्र जारी करने का भी अनुरोध किया हूँ।

केंद्रीय विद्यालय आने से बच्चों के विकास का स्तर बढ़ सकता है जो उन्हें हर तरह से सशक्त बनाएगा और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। सरकार को चाहिए कि अतिशीघ्र केंद्रीय विद्यालय का अंबेडकर नगर में निर्माण कर बच्चों के जीवन में उम्मीद का प्रकाश उजागर करें और बेहतर शिक्षा प्रदान करने की प्रक्रिया को सुगम करे।